52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 18.1 °c | अधिकतम 32.8 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:22 सूर्यास्त : 5:45 | वर्ष : 52/ अंक : 289 | शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

जिन्दगी अपने आपको ढूंढने का नाम नहीं है, बल्कि जिन्दगी अपने आपको बनाने का नाम है।

उपचुनाव में सपा गठबंधन सभी सीटों पर जीत हासिल करेगा : शिवपाल यादव

23 नवंबर तक तो यही हौसला बनाए रखना होगा.....

अभी भी जिंदा हैं कंस, 5 वर्षीय भांजे की मामा ने गला रेतकर की हत्या

▸ पांच वर्षीय बच्चे की कुकर्म के बाद गला रेतकर हत्या की जताई आशंका ▸ आठ घंटे में किया हत्या का खुलासा आरोपित गिरफ्तार

सिखेड़ा, 17 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र के गांव बहादरपुर में पांच वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी। उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। शव को मोर्चरी भिजवा दिया है। बच्चे की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है।

नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव मेघाखेड़ी निवासी सुनील का पांच वर्षीय पुत्र विशाल पिछले कई दिनों से थाना क्षेत्र के गांव खेड़ीवीरान में अपनी मां बालेश के साथ अपने नाना प्रभु के यहा आया हुआ था। स्वजन ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह लगभग आठ बजे वह घर से गायब हो गया। काफी तलाश करने पर भी उसका कहीं पता नहीं चला। दोपहर बाद लगभग तीन बजे उसका शव गांव निवासी सुनील के गन्ने के खेत में पड़ा मिला। उसके गले पर धारदार हथियार का निशान मौजूद था। खेत में बच्चे का शव पड़े होने की सूचना से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। सूचना पाकर एसएसपी अभिषेक सिंह एसपी सीटी सतपाल प्रजापत सीओ रूपाली राव भी मौके पर पहुंच गए। बच्चे की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि बच्चें की गर्दन ब्लेड से काटी गई है। मौके से ब्लेड बरामद हुआ है। मौके पर ही एक फटी हुई शर्ट का कपड़ा भी मिला था, जिसके आधार पर अजय पुत्र कृष्णपाल को गिरफ्तार किया गया है। अजय ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। परिवार में विशाल का मामा लगता है। इसी के साथ निर्दोष पुत्र गुलाब सिंह को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि बच्चे की दुष्कर्म के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। जल्द ही पुलिस इस बात का जांच के बाद खुलासा करेगी।

मीरांपुर से सपा की साईकिल में हवा भरेंगी कादिर की पुत्रवधु सुंबुल

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। मीरांपुर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी के ऐलान में समाजवादी पार्टी ने बाजी मार ली है। काफी विचार विमर्श के बीच पूर्व सांसद कादिर राना टिकट के दूसरे दावेदारों पर भारी पड़े और सपा ने उनकी पुत्रवधु सुंबुल राना को मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया। राजनीति के दिग्गज रहे मुनकाद अली की बेटी कादिर राना के बेटे शाह मुहम्मद की पत्नी हैं। इस तरह दो सियासी परिवारों को अखिलेश यादव ने एक साथ उपकृत कर दिया। अब सुबुल मोरना में सपा की साइकिल में हवा भरने का काम करेंगी। दूसरी ओर अब निगाह रालोद और बसपा उम्मीदवार पर है। रालोद सूत्रों की मानें तो दो दिन बाद प्रत्याशी का नाम सामने आएगा। बसपा भी जल्द उम्मीदवार का ऐलान करेगी।

मीरांपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए शुक्रवार (आज) से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके चलते आज लखनऊ में दिन भर चले मंथन के बाद समाजवादी पार्टी ने सुंबुल राना के नाम पर मुहर लगा दी। जिले के बड़े सियासी परिवार को मोरना जीतने का जिम्मा देते हुए अखिलेश यादव ने बाकी सभी दावेदारों को पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने की हिदायत दी। समाजवादी पार्टी टिकट के लिए एक दर्जन से अधिक लोग दावेदारी में थे। इनमें यहां चुनाव लड़

रालोद और बसपा के उम्मीदवारों के लिए करना होगा इंतजार

चुके कादिर राना के पुत्र शाह मौहम्मद, लियाकत अली, इलम सिंह गूर्जर जैसे बड़े नाम शामिल हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की मौजूदगी में दिन भर चले मंथन के बाद शाम के समय सुंबुल राना के नाम का ऐलान हुआ तो खुद सपाई हैरत में नजर आए। कादिर राना को अखिलेश के काफी नजदीक माना जाता है। ऐसे में बाकी दावेदारों को पछाड़कर कादिर परिवार पर भरोसा जताते हुए अखिलेश ने मीरांपुर सीट कांग्रेस के लिए छोड़े जाने की चर्चाओं को भी विराम दे दिया है। दूसरीओर अब सबकी निगाह रालोद और बसपा के टिकट के ऐलान पर है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी आज दिल्ली पहुंच चुके हैं। टिकट के दावेदार कल दिल्ली पहुंच रहे हैं। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक को भी दिल्ली बुलाया गया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि रालोद के टिकट का ऐलान दो दिन बाद होगा। इसके अलावा बसपा सुप्रीमो मायावती के पास भी टिकट के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। माना जा रहा है कि सपा और रालोद के टिकटों को देखने के बाद ही बसपा अपने उम्मीदवार का ऐलान करेगी।

मुनकाद की बेटी हैं सुंबुल

मुजफ्फरनगर। सुंबुल राणा के ससुर कादिर राना सांसद रह चुके हैं। उनके पिता मुनकाद अली भी बसपा के बड़े नेता होने के साथ राज्यसभा के सांसद रहे हैं। सुंबुल के पति शाह मौहम्मद उद्योगपति हैं। 32 वर्षीय सुंबुल ने चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ से एमए किया है। 24 फरवरी 2010 को उनकी शाह मौहम्मद से शादी हुई थी। शादी के बाद गृहिणी के रूप में राना परिवार में रह रही सुंबुल राना पहली बार सियासत के मैदान में दांव आजमाने जा रही हैं। सुंबुल के परिवार में तीन बेटी व एक बेटा है। मूलतः किठौर मेरठ की रहने वाली सुंबुल राणा ने पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली की बेटी के रूप में सियासत का कखग सीखा है। पंद्रहवीं विधानसभा सभा में 2007 मोरना विधान सभा से रालोद के विधायक रहे कादिर राना 2009-2014 तक बसपा के सांसद रह चुके हैं।

श्वान जैसी हरकत करने वाले किशोर का पिता पहुंचा डीएम की शरण में

▸ दबंगों द्वारा उनके मकान पर किया कब्जा हटवाने की मांग
▸ कहा : एक माह रहने के लिए लिया, नहीं किया खाली

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। कुत्ते जैसी हरकत करने के मामले के उछलने के बाद अब किशोर के पिता ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर उनके कब्जाए गए मकान को मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

दो दिन पूर्व एक किशोर की अजीबो गरीब हरकतों का समाचार बुलेटिन ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद खोजबीन पर उक्त किशोर के पिता उस्मान निवासी मक्कीनगर का पता चला। उस्मान ने आरोप लगाया था कि उक्त किशोर की मां ने मक्कीनगर में एक मकान खरीदा था। उसकी मां की मौत हो चुकी है। उस्मान का आरोप है कि कुछ दंबंगों ने अपना मकान बनने के बात कहते हुए उक्त मकान एक माह के लिए निशुल्क रहने के लिए लिया था और कहा था कि मकान बनने के बाद वे उसे खाली कर देंगे। उस्मान का आरोप है कि करीब तीस लाख रुपये कीमत वाले उक्त मकान पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। मकान खाली करने की बात कहे जाने पर उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इन दबंगों ने उसके पुत्र का अपहरण भी कर लिया था। इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। उस्मान का कहना है कि उक्त कब्जादार अपराधी किस्म के लोग हैं और उन पर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। आवास पर कब्जा हो जाने के कारण वह बच्चों के साथ इधर उधर रह कर जीवन बसर कर रहा है। उसने मामले की जांच कराकर पुलिस व राजस्व टीम मौके पर भेजकर अवैध कब्जा हटवाने और उसका मकान उसे दिलवाने की मांग की है।

बेड़ियों में बंधे दामाद जी, जूते की मालाओं से हुआ स्वागत

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर में भी अजीबो-गरीब कारनामें आए दिन होते ही रहते हैं। दरअसल छपार थाना क्षेत्र के गांव खुड्डा में सहारनपुर के नांगल थाना क्षेत्र के सोहनचिड़ा का रहने वाला यासिर अरफात पुत्र इमरान लम्बे समय के बाद अपनी बीवी से मिलने के लिए आया था। मगर ससुराल वाले उससे इतने नाराज होंगे, इस बात का उसे अंदाजा ही नहीं था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दामाद जी यासिर अरफात के हाथों-पैरों में लोहे की बेडियां डली हैं साथ ही साथ जनाब को रस्सियों से भी बांधा गया है। इतना ही नहीं उक्त वीडियो में यासिर के गले में चप्पल जूतों की माला भी डाली गयी है। सोशल मीडिया पर जब यह वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई और उक्त वीडियो का संज्ञान लेने की कोशिश की। जानकारी जुटाने के बाद पता चला कि यासिर अपनी पत्नी को मायके छोड़कर लम्बे समय से सऊदी अरब रह रहा था और गुरूवार को जब लम्बे समय के बाद वह अपनी बीवी से मिलने आया तो ससुराल वालों ने अपने गुस्से का बदला लेने के लिए यासिर को बंधक बनाकर उक्त सारी बातों को अंजाम दिया।

बीवी के लिए लाए गए सोने के कंगन व मोबाइल भी ससुरालियों ने छीने

मुजफ्फरनगर। यासिर के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि यासिर खुशी खुशी में सऊदी अरब से लाए हुए सोने के कंगन और महंगा मोबाइल लेकर अपने ससुराल गया था, जिसे आरोप है कि उसके ससुरालियों ने ही बंधक बनाने के साथ साथ छीनकर रख लिया। इस मामले की भी पुलिस पूरी तरह जांच कर रही है।

पुलिस को जब इसकी सूचना मिली, तो पुलिस ने गंभीर धाराओं में यासिर के भाई गुलफाम पुत्र इरफान की तहरीर पर शहजादी उसके भाई लताफत, लियाकत, मुस्तफा, नवाब के खिलाफ बीएनएस की धारा 3/5, 115/2, 127/2, 133, 356/2 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी और सूचना पर पुलिस को हाथोंहाथ बंधक यासिर को बंधनमुक्त कराया।

कहीं सचमुच पचास हजार में फेसबुक पर बीवी को तो नहीं बेच रहा था यासिर

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। बंधक बने यासिर के भाई गुलफाम का कहना है कि उसके भाई की ससुराल वालों ने दहेज की मांग के साथ साथ यासिर पर अपनी ही बीवी को पचास हजार रुपये में फेसबुक पर बेचने का इल्जाम लगाया था। बताया जाता है कि यासिर आठ वर्ष बाद बुधवार को सऊदी अरब से वापस सहारनपुर अपने गांव लौटा था और आते ही सबसे पहले अपनी बीवी को मिलने गया मगर उसका वहां पहुंचकर यह हाल होगा उसने यह नहीं सोचा था। यासिर के भाई गुलफाम का कहना है कि जिस तरह से उसके भाई यासिर पर पचास हजार रुपये में बीवी बेचने का आरोप लगाया जा रहा है उसके कोई सबूत यदि ससुराल पक्ष के लोगों के पास हों तो वह जरूर दिखायें। पूरा मामला क्या है, इसकी तो अभी पुलिस छानबीन में लगी है, मगर ससुरालियों द्वारा बीवी बेचने तक के आरोप कितने सच हैं कितने झूठ, यह तस्वीर एक दो दिन में साफ हो जाएगी।

भाजपा और रालोद ने की उप-चुनाव की तारीख बदलने की मांग

लखनऊ, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। भाजपा और रालोद ने विधानसभा उपचुनाव की मतदान तिथि बदलने की मांग की है। दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को राज्य निर्वाचन अधिकारी से भेंट कर 20 नवंबर को मतदान कराने की मांग संबंधी पत्र सौंपा। बता दें, उपचुनाव का मतदान 13 नवंबर को होना है। राज्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे पत्र में बताया गया है कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। इस उपलक्ष्य में कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद, प्रयागराज में मेला होने से लोग 3-4 दिन पहले चले जाते हैं। यदि 13 नवंबर को मतदान कराया गया तो बड़ी संख्या में वोटर मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। लिहाजा मतदान 20 नवंबर को कराना उचित होगा। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, संजय राय, राम प्रताप सिंह चौहान और संपर्क विभाग के संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी शामिल थे। वहीं, रालोद के प्रतिनिधिमंडल में पार्टी प्रवक्ता अनिल दुबे, महासचिव मनोज सिंह चौहान, सचिव प्रमोद शुक्ला और सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी शामिल थे।

मीरांपुर चुनाव के लिए नामांकन आज से, कलेक्ट्रेट में बैरिकेटिंग समेत तमाम तैयारियां पूरी

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। मीरांपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए कल (आज) से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके लिए प्रशासन सभी तैयारियां पूरी कर चुका है। कलेक्ट्रेट में बैरिकेटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नामांकन पत्रों की खरीद और जमा करने का काम कल से शुरू हो जाएगा। अभी हालांकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार का नाम सामने आया है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही रालोद भाजपा गठबंधन तथा बसपा के प्रत्याशियों के अलावा दूसरे उम्मीदवारों के नाम भी सामने आ सकते हैं। चुनाव को लेकर प्रशासन और पुलिस अधिकारी कई दिनों से तैयारी में जुटे हुए हैं। शुक्रवारको शुरू होने वाली नामांकन की प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी। ऐसे में चुनाव का असली रंग उम्मीदवारों के नाम सामने के बाद ही जमेगा। हालांकि माना जा रहा है कि पहले दिन शायद ही कोई नामांकन हो। ऐसे में प्रशासन की तैयारी तो पूरी है। जल्द ही चुनावी रंगत के साथ जिले में सियासी सरगर्मियां बढ़ने वाली हैं। मुजफ्फरनगर। मीरापुर विधानसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब 3.23 लाख है। इस सीट पर मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग लगभग बराबर की स्थिति में है। माना जा रहा है कि किसी भी प्रत्याशी की जीत में दोनों वर्ग अहम भूमिका निभा सकते हैं। एक अनुमान के अनुसार इस सीट पर ओबीसी 38 और मुस्लिम 37 प्रतिशत हैं, जबकि दलित 19 और सामान्य 5 प्रतिशत बताए गए हैं।

राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पहले मिलेगा बढ़ा डीए

लखनऊ, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। दिवाली से पहले यूपी के कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि का तोहफा मिल जाएगा। इसका लाभ 17 लाख से ज्यादा राज्य कर्मियों और शिक्षकों को मिलेगा। वर्तमान में यहां के कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों को मूल वेतन पर 50 प्रतिशत डीए मिल रहा है। केंद्र के समान ही तीन प्रतिशत वृद्धि होगी, जो जुलाई से लागू होगी। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने का एलान जुलाई से दिसंबर महीने तक के लिए किया गया है। ऐसे में कर्मचारियों को अक्तूबर महीने के वेतन के साथ जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने के एरियर का भी भुगतान किया जाएगा। ऐसी ही व्यवस्था प्रदेश के कर्मचारियों के लिए भी लागू होगी। यूपी के कर्मचारियों को भी जुलाई से सितंबर का एरियर मिलेगा। अक्तूबर की सेलेरी में बढ़ा हुआ डीए आ जाएगा।

ग्रेनो में प्रतिमा खंडित मामले में एसएचओ समेत चार सस्पैंड

ग्रेटर नोएडा, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। छौलस गांव स्थित शिव मंदिर पर राधा कृष्ण और माता दुर्गा की मूर्ति खंडित करने के मामले में शिथिलता बरतने के मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अमित खारी, सैंथली के चौकी प्रभारी अमित यादव, दो बीट कांस्टेबल समेत चार गाज गिरी है। सभी को निलंबित कर दिया गया है। आईटी सेल नोएडा में तैनात इंस्पेक्टर ज्ञान सिंह गुर्जर को कार्यवाहक थाना प्रभारी जारचा बनाया गया है। जारचा कोतवाली क्षेत्र के छौलस गांव में शिव मंदिर बना है। शिव मंदिर पर रविवार की रात भगवान राधा कृष्ण और माता दुर्गा की मूर्ति को खंडित कर दिया गया था। मूर्ति खंडित किए जाने पर पुजारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी। जिस पर ग्रामीणों ने हंगामा कर कार्रवाई की मांग की थी। रात को ही पुलिस प्रशासन द्वारा नई मूर्तियां लगवाई गई थी। मूर्ति खंडित करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व में गुलावठी खुर्द गांव में भी मूर्ति खंडित की गई थी। नवरात्र पर मंदिरों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के मामले में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी और दो बीट कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की है।

नायब सिंह सैनी ने दूसरी बार संभाली हरियाणा की कमान

चंडीगढ़, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। नायब सिंह सैनी के साथ 13 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। अनिल विज ने भी मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली। विज अंबाला कैंट से सातवीं बार विधायक बने हैं। विज मनोहर सरकार में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री थे। कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर सिंह, श्रति चौधरी, आरती राव, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्णा कुमार बेदी, राजेश नागर और गौरव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व के अलावा अन्य लोग भी शामिल हुए हैं। बता दें कि गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में बुधवार को पंचकूला स्थित बीजेपी मुख्यालय में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया था।

गन्ना भुगतान मांगते किसान ने गर्दन पर ब्लेड मारकर किया खुद का लहूलुहान

शामली, 17 अक्टूबर (बु.)। शुगर मिल में चल रहे धरने में पिछले साल का बकाया एक लाख रुपये का गन्ना भुगतान नहीं होने से क्षुब्ध शामली के सिंभालका गांव के किसान विक्रम सिंह ने गर्दन पर ब्लेड से वार कर आत्महत्या की कोशिश की। घायल किसान को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

पिछले 21 दिन से शामली मिल में बकाया भुगतान की मांग को लेकर किसान शुगर मिल पर धरना दे रहे हैं। बृहस्पतिवार शाम करीब 5 पांच बजे एसडीएम हामिद हुसैन, सीओ श्याम वीर सिंह धरनास्थल पर पहुंचे और वार्ता की। वार्ता में संपूर्ण बकाया भुगतान नहीं होने तक किसानों ने धरने का एलान कर दिया। दोनों अधिकारी किसानों से वार्ता करने के बाद बाहर निकले ही थे कि अचानक धरने में मौजूद सिंभालका गांव का किसान विक्रम सिंह खड़ा हुआ और ब्लेड से गर्दन पर वार कर आत्महत्या की कोशिश की। कहा कि मिल प्रशासन उसे रुपये नहीं दे रहा है, इसलिए उसे अब नहीं जीना है। जिससे धरने पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। किसान के भतीजे विवेक ने बताया कि विक्रम पर करीब पांच लाख रुपये का कर्ज हो रखा है। साथ ही शामली शुगर मिल पर एक लाख रुपये से ज्यादा का बकाया गन्ना भुगतान चल रहा है। एसडीएम हामिद हुसैन का कहना है कि किसान के 58 हजार के करीब मिल पर बकाया होने की बात सामने आई है। पीड़ित का उपचार कराया गया है, उसकी जान खतरे से बाहर है। मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसान द्वारा धरने के दौरान नशे का सेवन करने की बात भी सामने आई है। किसान ने बताया कि उसके पास करीब आठ बीघा जमीन है। वह अपने भतीजे के साथ ही रहता है। वही परिवार का पालन पोषण करता है। मगर भुगतान नहीं होने के कारण परेशानी आड़े आ रही है।

हाईटेंशन लाइन से टकराई पिकअप चालक झुलसा

जानसठ, 17 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र के गांव तिसंग निवासी चालक शौकीन पिकअप गाड़ी में गांव से ही पुरानी लोहे की चादर लादकर तिसंग से जानसठ आ रहा था। गुज्जरहेड़ी तिराहे के पास 11 हजार की विद्युत लाइन के तारों से पिकअप गाड़ी में लदी लोहे की चादर छू गई, जिससे गाड़ी के टायरों में आग लग गई। चालक करंट लगने से झुलस गया। पुलिस ने चालक को गंभीर हालत में चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत अधिकारियों को कॉल कर लाइन को बंद कराया। इसके बाद मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने पिकअप गाड़ी को तारों के नीचे से हटाया।

लगभग दो घंटे बाधित रही क्षेत्र की बिजली आपूर्ति

मारा गया हमास प्रमुख याह्या सिनवार : इस्राइल के पीएम नेतन्याहू

तेल अवीव, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। गाजा में इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक अभियान के दौरान हमास के तीन लड़ाके मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ और इस्राइल सिक्योरिटी एजेंसी (आईएसए) शुरूआत में यह जांच कर रहे थे कि क्या इनमें से याह्या सिनवार भी है या नहीं। बाद में आडीएफ ने पुष्टि की कि सिनवार मारा गया है। आईडीएफ के मुताबिक, जहां इन लड़ाकों को मारा गया है, उस इमारत में किसी भी बंधक की मौजूदगी के संकेत नहीं मिले। क्षेत्र में अभियान चला रही सेना सतर्कता के साथ काम कर रही है। वहीं, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सिनवार के मारे जाने की पुष्टि की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ हफ्ते पहले इस्राइल ने लेबनान में हवाई हमलों के जरिए हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार गिराया है। इससे पहले हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया की ईरान में एक हमले में हत्या कर दी थी। तेहरान और हमास ने इस हमले के लिए इस्राइल को दोषी ठहराया था। हालांकि, इस्राइल ने इस आरोप को न तो स्वीकार किया और न ही इनकार किया। हानिया की हत्या के बाद सिनवार को हमास की राजनीतिक शाखा का प्रमुख बनाया गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1386: जर्मनी में हैडलबर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। 1564: इंग्लैंड के नौसैनिक कमांडर जॉन हॉकिन्स ने दूसरी बार अमेरिका यात्रा शुरू की। 1572: स्पेन की सेना ने मास्ट्रिच पर हमला कर दिया। 1648: उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में ह्यबोस्टन शूमेकर्सह्न पहला श्रम संगठन बना। 1867 : रूस के अलास्का क्षेत्र को खरीदने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री विलियम सिवार्ड द्वारा किए गए करार को मंजूरी दी गई और राजधानी सितका में अमेरिकी ध्वज फहराया गया। 1892: अमेरिका में शिकागो से न्यूयॉर्क के बीच पहली लंबी दूरी की वाणिज्यिक फोन लाइन को शुरू किया गया। 1898: अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको का अपने कब्जे में लिया। 1900: काउंट बर्नार्ड वॉन बुलो जर्मनी के चांसलर बने। 1922 : ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी लिमिटेड की स्थापना, जिसने 1927 में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का स्थान लिया। 1922: ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई, जिसका नाम बाद में बदलकर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉपोर्रेशन किया गया। 1925: प्रसिद्ध रंगमंच निदेशक और नेशनल स्कूल 'फ ड्रामा के पूर्व निदेशक इब्राहिम अल्काजी का जन्म। 1931 : अमेरिकी खोजकर्ता थामस अल्वा एडिसन का वेस्ट आरेंज, न्यूजर्सी में निधन। 1944: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरू की। 1954: टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी ने पहले ट्रांजिस्टर रेडियो का निर्माण किया। 1956: महिला टेनिस में विश्व की खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा का प्राग में जन्म। 1967: शुक्र ग्रह पर सफलतापूर्वक पहुंचे सोवियत संघ के पहले अंतरिक्ष यान के मिशन का समापन। यान का मिशन 127 दिन चला। इसने ग्रह के वातावरण के बारे में जानकारी पृथ्वी पर भेजी। 1972: हेलीकाप्टर एसए 315 ने बेंगलूर की परीक्षण उड़ान भरी। 1976: विलियम एन लिप्सकोंब जूनियर को रसायन का नोबेल पुरस्कार। 1980: पहली हिमालय कार रैली को मुंबई से रवाना किया। 1985: दक्षिण अफ्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन को फांसी।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर, (बु.)। मंडी में गुड़-शक्कर के भाव:- ढैया 1470, रसकट ढैया 1130-1140, चाकू 1500-1611, लड्डू 1390-1465, खुरपापाड़ 1300-1350, शक्कर मसाला 1560-1580। आज की मंडी आमद- 4000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	78550	चांदी-	92600
सिक्का-	11000	गिन्नी-	58760

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 18 अक्टूबर, 2024

मेष- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता का मार्ग प्रशस्त, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने की ओर, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान।

वृषभ- समस्याओं से चिन्ता, आत्मीयजनों से अनबन होने की आशंका, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, आरोग्य सुख में कमी, विरोधी प्रभावी, वाहन से चोट-चपेट की आशंका।

मिथुन- शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, पुराने विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, यात्रा।

कर्क- ग्रहयोग बेहतर, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल होने की ओर, कार्य व्यवसाय में विस्तार व नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

सिंह- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, साहसिक प्रयास प्रगति पर, निराशा का समापन, व्यक्तित्व का विकास, संत-समागम से खुशी, आपसी सद्भाव, यात्रा सुखद।

कन्या- कार्यों में प्रतिकूलता, पत्नी के स्वास्थ्य की चिन्ता, बनी बनाई योजना किसी कारणवश अधूरी, पारिवारिक उलझनें, भौतिक सुख का अभाव, कष्ट।

तुला- वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, उच्चाधिकारियों का सम्पर्क लाभदायी, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने को, यश-मान-प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न।

वृश्चिक- धर्म अध्यात्म की ओर रुचि, मनोनुकूल कार्यों में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, भौतिक सुख शांति का वातावरण, संभावित यात्रा।

धनु- बुद्धि-चातुर्य से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, स्थान परिवर्तन में कार्यक्रम।

मकर- समस्याओं से चिन्ता, कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में असफलता, प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना, विचारों में उग्रता, भौतिक सुख में कमी, मानसिक तनाव।

कुम्भ- आर्थिक-व्यावसायिक प्रगति हेतु नव-प्रयास सार्थक, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, धार्मिक कार्यों में रुचि।

मीन-समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, व्यापार में विस्तार व परिवर्तन की योजना फलीभूत, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, रचनात्मक कार्यों में रुचि, लाभ भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

गन्ने की मिठास में घुसी सियासी चाशनी, जीत पर बंटे लड्डू और गुड़ व पानी

सहकारी गन्ना समिति तितावी की चेयरमैन बनी ज्योति भोला सिंह

निर्विरोध निर्वाचन होने पर मंत्री कपिल देव ने दी बधाई, मिठाई खिलाकर कराया मुंह मीठा

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। जनपद की आठ सहकारी गन्ना विकास समितियों के सामान्य निकाय गठन के अंतिम दौर की चुनावी रस्साकसी के बीच सभी समितियों में चुनाव संपन्न हो गया। इसमें कई समितियों में अनेक क्षेत्र से डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी के कूकड़ा क्षेत्र से डायरेक्टर बनी भाजपा समर्थित प्रत्याशी ज्योति भोला सिंह के नामांकन करने के बाद कोई अन्य दावेदार के उनके सामने न आने पर उनको निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उन्हें इस सफलता पर बधाई दी। उनके समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दिखाई दी और मिष्ठान बांटकर इस खुशी का प्रदर्शन किया गया। सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी में कूकड़ा से डेलीगेट के पद पर शंकर उर्फ भोला सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की थी। गुरूवार को ज्योति सिंह ने तितावी समिति के सभापति पद के लिए भाजपा नेताओं व समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्धारित समय तो उनके सामने अन्य कोई नामांकन न करने के चलते चुनाव अधिकारी ने उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया। इस दौरान नगर विधायक व यूपी सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सहकारी गन्ना समिति तितावी की चेयरमैन बनी ज्योति भोला सिंह को बधाई देते हुए इस सफलता पर अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उनके पति भोला सिंह पूर्व में भी जिला पंचायत के सदस्य पद पर चुनाव लड़ चुके हैं। इस दौरान उनके पति शंकर उर्फ भोला सिंह ने कहा कि क्षेत्र के किसान हितों को लेकर हम सहकारी गन्ना समिति की राजनीति में आए हैं और भाजपा व रालोद शीर्ष नेतृत्व के सहयोग, किसानों व समर्थकों के आशीर्वाद से सफलता हासिल की है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का प्यार देने पर आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्य रूप से ज्योति भोला सिंह के साथ अमित राठी पूर्व प्रमुख, देवेन्द्र राठी पूर्व प्रधान कूकड़ा, सतपाल चौधरी, किरण चौधरी, चांदवीर सिंह, वेदपाल चौधरी, चौ. हरवीर सिंह, विरेन्द्र फौजी, ईसम सिंह, चन्द्रपाल सिंह, चौ. प्रमोद, यशपाल सिंह, सोहनवीर सिंह, बंटी चौधरी, चौ. अनिल सिंह, शंकर भोला, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, विनय राणा, दीपक चौधरी, नरेश गुर्जर और गौरव चौधरी, कृष्ण चौधरी, राजन चौधरी, अंकित सहरावत मौजूद रहे।

डायरेक्टर चुनाव के विवाद के बीच रामराज में पंकज प्रताप सभापति व अंशुल उपसभापति बने

मीरापुर, 17 अक्टूबर (बु.)। रामराज के मार्डन इंटर कालेज में सहकारी गन्ना समिति रामराज के सभापति व उपसभापति का चुनाव में कुल नो संचालकों ने अपने मत का प्रयोग किया इस दौरान चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। रामराज की सहकारी गन्ना समिति के चुनाव में सुबह 10 बजे से लेकर करीब 11 बजे तक कोई भी संचालक यहा सभापति व उपसभापति के लिए नामांकन करने नही पहुँचा, जबकि साढ़े 11 बजे सभापति पद के लिए हाशमपुर से अक्षय तोमर व धर्मपुरा जदीद से पंकज प्रताप तथा कुतुबपुर से अंशुल ने उपसभापति के लिए नामांकन किया तथा दोपहर 2 बजे तक भी किसी प्रत्याशी का पर्चा वापिस न होने पर दोपहर 3 बजे के बाद से मार्डन इंटर कालेज में मतदान की प्रक्रिया शुरू होकर मतदान 4 बजे समाप्त हुआ। जिसमें शासन से नॉमिनेट होकर संचालक बने खेड़ी सराय के पूर्व प्रधान मानवेन्द्र शर्मा सहित 9 संचालकों ने पंकज प्रताप के पक्ष में मतदान कर पंकज प्रताप को सभापति बना दिया, जबकि प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अक्षय तोमर सहित तीन संचालको ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया, जिससे उनकी करारी हार हुई। जबकि उपसभापति पद के लिए कुतुबपुर से अंशुल के सामने किसी ने नामांकन नहीं किया जिस पर अंशुल निर्विरोध उपसभापति मनोनीत हुए। वहीं प्रमाण-पत्र प्राप्त होने के बाद नवनिर्वाचित सभापति पंकज प्रताप ने रामराज के मुख्य बाजार में स्थित शिव मंदिर व मेरठ-पौड़ी राजमार्ग के किनारे स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों के साथ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व मंत्री अमृतपाल सिंह काहलो के आवास पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान नवनिर्वाचित सभापति पंकज प्रताप व उपसभापति अंशुल ने कन्धे से कन्धा मिलाकर किसानों की निष्पक्ष सेवा करने का संकल्प लिया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से एसओ रामराज दीपक चौधरी पुलिसकर्मियों के साथ मतदान केन्द्र पर डटे रहे।

मानव उत्थान के लिए कबीर के विचार आवश्यक: डॉ. भारती बंधु

शाहपुर, 17 अक्टूबर (बु.)। कस्बे के कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. भारती बंधु ने कहा कि मानव मूल्यों के उत्थान के लिए कबीर के विचार अति आवश्यक है। वर्तमान समय में बच्चों में सामाजिक समरसता लाना अति आवश्यक है। हम सभी को कबीर के विचारों को आत्मसात कर उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश से जब कुरीतियां, अंधविश्वास व पाखंड दूर होगा, तब देश तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में छात्र-छात्राएं भारतीय संस्कृति को अपनाएं, जिससे उनकी मानसिक विकृति दूर होने के साथ उनमें बौद्धिकता का विकास होगा। कार्यक्रम में उन्होंने व उनकी टीम ने कबीर के दोहे प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र कुमार व सभासद सोनू सैनी ने पद्मश्री व उनकी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्यागी व संचालन दर्शना सिंह ने किया। कार्यक्रम में गांव दिनकरपुर के प्रधान पति जोनू त्यागी, शशिकांत, अनेश निर्वाल, पुष्पेंद्र कुमार, सरफराज अली आदि मौजूद रहे। प्रबंधक सत्येंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

निर्भय सहरावत गन्ना समिति बुढ़ाना में सभापति बने

गन्ना समिति चेयरमैनी में पूर्व प्रमुख विनोद मलिक गुट का पलड़ा रहा भारी

बुढ़ाना, 17 अक्टूबर (बु.)। गन्ना समिति बुढ़ाना के चुनाव में प्रत्याशी निर्भय सहरावत सभापति व रामवती उप सभापति बृहस्पतिवार को निर्विरोध निर्वाचित हुई।

दोनों के समर्थकों ने उनका माल्यार्पण कर जगह जगह स्वागत किया। इस चुनाव में बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, रालोद विधायक राजपाल बालियान व पूर्व विधायक उमेश मलिक की साख बच गयी। बिटावदा के निर्भय सहरावत को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया था। संचालक के पद पर वे निर्विरोध चुने गए। गुरूवार को हुए चुनाव में सभापति पद पर भी निर्भय सहरावत निर्विरोध सभापति बन गए, जिसमें ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, विधायक राजपाल सिंह बालियान, सहकारी बैंक के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह तथा पूर्व विधायक उमेश मलिक की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उप सभापति के पद पर रणधीर व रामवती के नामांकन पत्र जमा हुए। रणधीर ने अपना नामांकन वापस लिया। रामवती उप सभापति पद पर निर्विरोध निर्वाचित हो गई। संचालकों व सैंकड़ों ग्रामीणों ने अपने नवनिर्वाचित सभापति का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यहां पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, पूर्व विधायक उमेश मलिक, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, सुरेंद्र सहरावत, बालकिशोर त्यागी, अनिल राठी, नितिन मलिक, पूर्व प्रमुख अजीत, मुकेश शर्मा उकावली, बडकता प्रधान आशीष चौहान, ठाकुर मामचंद सिंह, भाकियू न्याय पंचायत अध्यक्ष तैमूर अली, शाहनजर, सत्यपाल सहरावत, हिमांशु संगल और सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

नायब सैनी के हरियाणा का सीएम बनने पर शाहपुर में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

शाहपुर, 17 अक्टूबर (बु.)। हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने व नायब सिंह सैनी के पुनः मुख्यमंत्री बनने पर आज पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो छोटे-मोटे मुद्दों को छोड़कर राष्ट्रहित एवं देशहित के मुद्दों पर कार्य करती है तथा इस पार्टी में ही ऐसा है कि जनता के बीच के आदमी को प्रतिनिधित्व दिया जाता है, जबकि सभी पार्टियों में पैसे के बल पर नेता आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी को 6 महीने का कार्यकाल दिया गया था और उसके बाद उन्ही के नेतृत्व में चुनाव लड़कर उनको ही मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह काबिले तारीफ है। पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि भाजपा में सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता है और सभी को उनकी हिस्सेदारी मिलती है। भाजपा में ही सबका हित सुरक्षित है। उन्होंने कस्बे के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सैनी समाज के अध्यक्ष सतीश सैनी के गन्ना समिति के डायरेक्टर पद पर निर्वाचित होने पर तथा निर्वाचित डेलीगेट प्रतिनिधियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। आतिशबाजी भी की गई। लगभग 300 के करीब पार्टी के विभिन्न समाज के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में भंवर पाल कश्यप, ललित जैन, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूबी सैनी, शिव कुमार सैनी, उमेश गोयल, सतीश पाल, नीरज शर्मा, सुशील सैनी, अनिल सैनी, कपिल सैनी, विनोद दीक्षित, श्याम पाल सिंघल, सोनू नामदेव, सोमदत शर्मा, हरवीर सिंह प्रजापत, अध्यक्षता कृष्ण प्रजापत व संचालन मोनू प्रधान ने किया।

लाखों रुपये कीमत के पॉपुलर-अमरुद के पेड़ काटे

बुढ़ाना, 17 अक्टूबर (बु.)। अज्ञात लोगों ने खेत में खड़े लाखों रुपयों की कीमत के पॉपुलर और अमरुद के सोलह सौ पेड़ काट लिए। घटना का पता खेत मालिक को बृहस्पतिवार की सुबह उस समय लगा जब वह रोजाना की भांति खेत पर आया। ये पेड़ पिछले साल ही लगाए गये थे। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने भी अपने स्तर से जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती निवासी सलीम उजाला पुत्र बुंदू कुरैशी के खेत पुलपार मदन हॉस्पिटल के पास हैं। पिछले साल सलीम ने अपने 10 बीघा खेत में अमरुद का बाग लगाने के उद्देश्य से साढे तेरह सौ पेड़ अमरुद और चारों तरफ की बाऊंड्री में ढाई सौ पेड़ पॉपुलर के लगाए थे। रोजाना की भांति सलीम आज भी अपने खेत पर आया तो देखा पॉपुलर और अमरुद के सभी सोलह सौ पेड़ जमीन में कटे पड़े हैं तो सलीम वहीं पर अपना माथा पकड़कर बैठ गया, क्योंकि इसी साल बीती 17 मई को अज्ञात लोगों ने पॉपुलर के साढ़े पांच सौ और बीती 10 फरवरी को पॉपुलर के साढ़े तीन सौ पेड़ काट लिए थे। अब यह तीसरा नुकसान है। सलीम ने इसकी सूचना डायल 112 नंबर पर पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर बुढ़ाना पुलिस को इस घटना की सूचना दी। बुढ़ाना पुलिस ने अब तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

रामराज पुलिस ने गुम हुई बाइक ढूंढकर वादी को सौंपी

मीरापुर, 17 अक्टूबर (बु.)। रामराज थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी अमित कुमार पुत्र लखमीचंद ने 4 दिन पूर्व रामराज थाने पर तहरीर देकर बताया था कि मेरा भाई बाइक लेकर धान काटने खेतों पर गया था, जहां से उसकी बाइक कोई चोरी कर ले गया है। रामराज पुलिस ने मामले की जांच की तथा बाइक की तलाश की तो बाइक बहादुरपुर के निकट खेतों में खड़ी मिली। पूछताछ करने पर वादी ने बताया कि उसका भाई उसकी बाइक लेकर धान काटने गया था, जिसके बाद वह शराब के नशे में बाइक खेतो में खड़ी करके भूल गया था तथा उसके बाद अमित ने बाइक गुम हो जाने की सूचना दी थी। गुरूवार को रामराज थाने पर तैनात हल्का इंचार्ज दरोगा देवकीनंदन ने बहादुरपुर के निकट स्थित खेत से बाइक को सकुशल बरामद कर वादी अमित कुमार को सौंप दिया। बाइक सकुशल बरामद होने पर अमित कुमार ने दरोगा देवकीनंदन तथा रामराज पुलिस का धन्यवाद किया।

एसडी लॉ में दीक्षारंभ 2024-25 सत्र में नवांगतुक छात्रों का किया स्वागत

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में दीक्षारंभ समारोह में पर एलएलबी के नए छात्रों का स्वागत किया गया क दीक्षारंभ का शुभारम्भ कॉलेज सचिव विनोद कुमार संगल, मुख्य अतिथि प्रोफेसर आर. के. ऐरन, कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग तथा कॉलेज निदेशिका मंजू मल्होत्रा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।प्रोफेसर आर. के. ऐरन (सेवानिवृत्त) विधि विभागाध्यक्ष, डी.ए.वी. कॉलेज ने कहा कि वे सफल विद्यार्थियों के लिए कामना करते हैं कि अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर होकर अपनी योग्यता को समाज के लिए सिद्ध करें। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि वे नए विद्यार्थियों का स्वागत करती हैं। कॉलेज निदेशिका मंजू मल्होत्रा ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा अपने लक्ष्य को प्राप्त करें ऐसा उन्हें विश्वास है। इस अवसर पर एलएलबी 2021-24 बैच के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें हिमांशी भरद्वाज प्रथम, रश्मि सिंघल द्वितीय तथा हिमानी तृतीय स्थान पर रहे। द्वितीय सेमेस्टर से खुशी, बुशरा, अनम चौधरी तथा अंकित मित्तल प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे, चतुर्थ सेमेस्टर से इति गोएल, कुमारी मनीषा त्यागी, महिमा सिंह, सना परवीन, रोमेजा जैदी तथा स्पर्श कौशिक प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे, छठे सेमेस्टर से हिमांशी भरद्वाज, रश्मि सिंघल तथा प्रियंका नागपाल प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। डॉ. मुकुल गुप्त, डॉ. अमित चौहान, डॉ. प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, डॉ. अभिनव गोयल, अमित त्यागी, छवि जैन, अनीता सिंह,संतोष शर्मा, विवेक सिरोही एवं मौ. आमिर आदि उपस्थित रहे।

डॉ. गौरव भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक बने

शाहपुर, 17 अक्टूबर (बु.)। शाहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. मुनीश त्यागी ने कस्बे के चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी को भाजपा शाहपुर मंडल का चिकित्सा प्रकोष्ठ का संयोजक मनोनीत कर उन्हें मनोनयन-पत्र दिया। डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को और अधिक विस्तार देने के लिए भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जमीनी स्तर पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचने का कार्य करता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. मुनीश त्यागी ने बताया कि क्षेत्र में सवास्थ्य सेवाओ में काफी योगदान देने वाले चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नम आंखों से दी गई दिवंगत श्रीमती सत्यवती को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। एसडी ग्रुप समेत जनपद की विभिन्न संस्थाओं से श्रीमति सत्यवती कुमार धर्मपत्नी स्व. महेंद्र कुमार एडवोकेट को गुरूवार को जानसठ रोड स्थित द्वारका सिटी ए ब्लाक पार्क में सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा में अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान प्रातः बेला में जहां सनातन धर्म के रीति अनुसार परिवारी जनों में हवन यज्ञ में आहुति देते हुए कर्मकांड संपन्न कराए। दोपहर 12 बजे यहीं द्वारका सिटी में दी सनातन धर्म कॉलेज एसोसिएशन समेत विभिन्न इंडस्ट्रीज से जुड़े कुमार परिवार के इस दुःख में सामाजिक, राजनीतिक, चिकित्सा, उद्योग एवं धार्मिक संस्थाओं के साथ जिले की तमाम शिक्षण संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंच अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुजफ्फरनगर शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एसडी ग्रुप से जुड़े स्वर्गीय महेन्द्र कुमार की धर्मपत्नी एवं नीरज कुमार-आकाश कुमार की माताजी का बीते दिनों नगर के नई मंडी रामबाग रोड स्थित आवास पर निधन हो गया था। गुरूवार को जानसठ रोड स्थित द्वारका सिटी में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा में एसडी ग्रुप से जुड़े नीरज कुमार, दा एसडी पब्लिक स्कूल के सचिव आकाश कुमार, अनुभव कुमार, ध्रुव कुमार समेत अन्य परिजन तमाम मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से यूपी सरकार में राज्यमंत्री नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकेश जैन, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक एवं भारतीय प्रेस परिषद सदस्य अंकुर दुआ, पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, विकास स्वरूप, सौरभ स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल, रघुराज गर्ग, राकेश बिंदल, नीलकमल पुरी, कुश पुरी, दिनेश मोहन, संजय जैन पारस टीएमटी, सतीश गोयल टिहरी, कुंज बिहारी अग्रवाल, अशोक सरीन, अभिनव सुशील, अशोक अग्रवाल, विशाल गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, पवन गोयल, विनोद जैन, सुरेन्द्र अग्रवाल, सागर वत्स, निशंक जैन, मयंक बिंदल, शंकर स्वरूप बंसल, पूर्व चेयरमैन पंकज अग्रवाल, डा. अशोक अग्रवाल, अमित गर्ग, आशू अग्रवाल, सीके जैन, डॉ. सुभाष चन्द्र शर्मा, आशुतोष स्वरूप, भारती अग्रवाल, आशीष सरीन, राजीव अग्रवाल, अनुराग सिंघल और डॉ. यश अग्रवाल समेत एसडी ग्रुप समेत अन्य शिक्षण संस्थाओं से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

जम्मू कश्मीर और हरियाणा

जम्मू कश्मीर और हरियाणा दोनों राज्यों की सरकारों का गठन हो गया है। कल हरियाणा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बन चुकी है। उमर अब्दुल्ला मुख्यमन्त्री बने हैं। कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म हो चुका है, जम्मू-कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। जम्मू-कश्मीर के नये मुख्यमन्त्री के पास वैसी शक्तियां नहीं हैं, जो एक राज्य की विधानसभा और मुख्यमन्त्री के पास होती हैं, लेकिन हरियाणा में मुख्यमन्त्री के पास बहुत सी शक्तियां हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्यमन्त्री उमर अब्दुल्ला ने नतीजे आने के बाद कहा था कि ये वो असेंबली नहीं है, जिस असेंबली का जम्मू-कश्मीर के लोग हक रखते हैं। उन्होंने कहा, जाहिर सी बात है कि इस असेंबली में वो सारे इख़्तियारात नहीं है, जो किसी एक रियासत को होने चाहिए। हमसे स्टेटहुड का दर्जा बिना किसी वजह से छीना गया। जम्मू-कश्मीर में बहुत से लोगों का कहना है कि चूंकि जम्मू-कश्मीर के पास अभी राज्य का दर्जा नहीं है, इसलिए अगले मुख्यमंत्री की हालत एक मेयर जैसी होगी। उमर अब्दुल्ला का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जो सेंट्रल सब्जेक्ट्स हैं, वो हमारे दायरे में नहीं है। जो कंकररेंट लिस्ट के सब्जेक्ट्स हैं, वो भी हमारे दायरे में नहीं हैं, लेकिन कई सारे स्टेट सब्जेक्ट्स हैं, जो हमारे पास हैं। क्या उनपर हम कार्रवाई नहीं कर सकते? बिलकुल कर सकते हैं और करेंगे। एक बड़ा सवाल ये है आने वाले वक़्त में जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री और लेफ़्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा के रिश्ते कैसे होंगे? इस पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, फिलहाल तो नेशनल कॉन्फ्रेंस का एलजी साहब के साथ कोई रिश्ता नहीं बना। शायद ही हमारी कहीं उनसे मीटिंग हुई है, लेकिन अब एक दूसरे के साथ काम करना सीखना पड़ेगा। एलजी साहब को भी सीखना पड़ेगा कि अब वो यहाँ पर आल पावरफुल नहीं हैं। यहाँ चुनी हुई सरकार है और चुनी हुई सरकार की भी अपनी जिम्मेदारियाँ हैं और मिलकर हमें यहाँ लोगों के लिए काम करना होगा। हम झगड़ा करने के लिए नहीं आये हैं और हम उम्मीद करेंगे कि चाहे राजभवन हो या केन्द्र सरकार वो भी कोई झगड़ा शुरू नहीं करना चाहेंगे। उमर अब्दुल्ला की राजनीति ने धारा 370 हटाये जाने के बाद चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान से लेकर दो-दो सीटों से चुनाव जीतने तक, एक लंबा सफर तय किया है। ऐसे में, ये तो है कि लोगों ने अब्दुल्ला परिवार पर भरोसा जताया और पीडीपी को नकार दिया है। पीडीपी को बीजेपी के साथ सरकार बनाने की कीमत चुकानी पड़ी है। अच्छी बात ये है कि अब्दुल्ला परिवार ने जनभावनाओं को समझा, और वक़्त की जरूरत के हिसाब से रणनीति भी बदली। इंजीनियर राशिद से हार जाने के बावजूद उमर अब्दुल्ला ने हिम्मत नहीं छोड़ी, और जिस लोकसभा क्षेत्र से चुनाव हार गये थे, उसी के तहत आने वाली विधानसभा से फिर से मैदान में उतरे, और जीते भी शायद यही वजह है कि जनता ने पूरे मैंडेट के साथ सत्ता सौंप दी है। ये वो ही उमर अब्दुल्ला हैं, जो कभी कहा करते थे कि कोई सरकारी काम कराने के लिए वो दो घंटे जम्मू-कश्मीर के एलजी ऑफिस के बाहर बैठ कर इंतजार नहीं करेंगे। लेकिन, अब वो बीती बातें भूलकर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं। खुद भी केंद्र के साथ मिलकर काम करने की बात कर रहे हैं, और केंद्र से भी ऐसी ही अपेक्षा रखते हैं। उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली का उदाहरण दिया, उन्होंने लोकहित के लिए केन्द्र सरकार से अच्छे सम्बंध बनाकर चलने की बात कही यह ठीक है, क्योंकि वे जानते हैं कि वे केजरीवाल की तरह नहीं कर सकते। निश्चित रूप से केजरीवाल और उमर अब्दुल्ला में बहुत अन्तर है। कश्मीर को लेकर आजकल राम माधव की भी चर्चा जोर-शोर से हो रही है। ऐसी चर्चा है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल बनाया जा सकता है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा गर्म है। राम माधव की कश्मीर मामलों पर गहरी समझ और अनुभव को देखते हुए, ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। जम्मू-कश्मीर के मामलों में राम माधव की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने पीडीपी और बीजेपी के गठबंधन में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। धारा 370 को हटाने की योजना भी उनके मार्गदर्शन में तैयार की गई थी, जो कश्मीर के इतिहास में एक बड़ा बदलाव साबित हुआ। उनका अनुभव और समझ कश्मीर के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। राम माधव का अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी काफी विस्तृत है। उन्होंने रूस, सिंगापुर, इंडोनेशिया, कनाडा और चीन जैसे देशों में कई महत्वपूर्ण मंचों पर भारत का पक्ष रखा है। चाहे वह सुरक्षा के मुद्दे हों या फिर वैश्विक राजनीति के, राम माधव ने हर बार अपनी बेबाक राय रखी है। कल हरियाणा में बीजेपी की नयी सरकार का गठन हो चुका है। एक बार फिर नायब सिंह सैनी को मुख्यमन्त्री पद की कमान मिली है। उनके साथ ही राज्य में 13 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली है। बीजेपी ने सैनी सरकार के गठन में हरियाणा की तमाम जातियों को भागीदारी दी है। पार्टी ने उसे हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्ता दिलाने वाले सभी अहम जातीय समुदायों के नेताओं को मंत्री बनने का मौका दिया है। सैनी सरकार में दलित, ब्राह्मण और जाट समुदाय से दो-दो, ओबीसी से चार, राजपूत, पंजाबी और वैश्य समुदाय से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। हरियाणा की सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को बीजेपी ने एक तरह से एनडीए का शक्ति प्रदर्शन करने का जरिया भी बनाया। एनडीए में शामिल दलों में शामिल सभी बड़े नेता शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की है और 1966 में हरियाणा का गठन होने के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। बीजेपी ने हरियाणा सरकार में ओबीसी समुदाय को सबसे ज्यादा भागीदारी दी है। मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी खुद ओबीसी समुदाय से आते हैं। ओबीसी समुदाय में आने वाले गुर्जर समुदाय के विधायक राजेश नागर मंत्री बने हैं। राजेश नागर को केंद्रीय मंत्री और फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर का करीबी माना जाता है। राजेश नागर फरीदाबाद जिले की तिगांव विधानसभा सीट से चुनाव जीते हैं। ओबीसी समुदाय से आने वाले रणबीर सिंह गंगवा भी मंत्री बने हैं। रणबीर सिंह गंगवा हिसार जिले की बरवाला सीट से चुनाव जीतकर विधायक चुने गए हैं। यादव समुदाय से भी दो नेता मंत्री बने हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

"सपने" "दास्तां" "जिन्दगी" "बाहर"

अनगिनत सपने यहाँ पर देखता है आदमी,
दास्तां जीवन की सपनों से कहीं बाहर भी है।
जिन्दगी जीने की तरकीबें किताबों में लिखी,
जिन्दगी लेकिन किताबों से कहीं बाहर भी है।

धूमधाम के साथ मनाया नगर में भगवान वाल्मीकि जन्मोत्सव

- टाउनहाल में शोभायात्रा का किया मंत्री कपिल देव ने शुभारंभ - नगर के मुख्य मार्गों पर पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। देशभर के साथ गुरूवार को जिला मुख्यालय एवं गांव-देहात में वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नगरीय क्षेत्र में निकली शोभायात्रा का शुभारंभ मंत्री कपिल देव ने करते हुए क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी और उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प भी अर्पित किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे समाज शैक्षिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अग्रसर होकर समाज का बहुंमुखी विकास भी किया जा सकता है। गुरूवार को नगर में विभिन्न क्षेत्रों में रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में पालिका प्रांगण से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया। शोभायात्रा का शुभारंभ कर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वे महर्षि वाल्मीकि ही थे जिन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम से जन-जन का साक्षात्कार कराते हुए आदिकाव्य रामायण की रचना की। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की पावन जयंती पर विभिन्न संगठनों द्वारा निकली शोभायात्राओं का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंत्री कपिल देव ने

भंडारे में भी श्रमदान किया और लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी। नगरीय क्षेत्र में बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई शोभायात्रा का शिवचौक समेत अन्य मार्गों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। नगर में निकली शोभायात्रा में डीजे व बैंडबाजों की धून पर जमकर नृत्य किया। देर सायं नगर में निकली इन शोभायात्रा विश्राम के बाद राहत की सांस ली। इसके बाद राज्य मंत्री कपिल देव ने अपनी विधानसभा के मौहल्ला आबकारी और रामपुरी में जाकर भगवान वाल्मीकी जी का पूजन कर नमन किया। उन्होंने कहा कि रामायण महाकाव्य की रचना से जुड़ी कई कथाएं मिलती हैं, उनके अनुसार ब्रह्मा जी के कहने पर महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी। कथा के अनुसार, क्रौंच पक्षी की हत्या करने वाले शिकारी को वाल्मीकि जी ने श्राप दे दिया, लेकिन इस दौरान अचानक उनके मुख से एक श्लोक की रचना हो गई, तब ब्रह्मा जी प्रकट हुए और कहने लगे कि मेरी प्रेरणा से ही आपके मुख से ऐसी वाणी निकली है। आप श्लोक के रूप में ही भगवान श्रीराम के संपूर्ण के चरित्र की रचना करें। इस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना की थी। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, अशोक बाटला, रोहिल वाल्मीकि, पूर्व सभासद डॉ. प्रदीप, सभासद ललित कुमार, शोभित गुप्ता, सागर वाल्मीकि, कपिल पाहिवाल, सन्नी सिलेलान, अजीत वाल्मीकि, सचिन कुमार, जितेंद्र मचल, अरूण वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

क्रांति सेना ने किया सीएमओ दफ्तर का घेराव

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। क्रांतिसेना कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार एवं जनपद में कुकुरमुत्तों की तरह संचालित हो रहे नर्सिंग होमों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर सीएमओ दफ्तर का घेराव किया। जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी व महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने आरोप लगाया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ दुर्व्यवहार व उनसे उगाही किया जाना आम बात है। इसके साथ बिना सुविधा शुल्क किसी भी मरीज का इलाज संभव नहीं। गुरूवार को सीएमओ दफ्तर पर पहुंचे क्रांति सेना कार्यकर्ताओं ने बताया कि सरवट रोड, रुड़की रोड, जौली रोड, खालापार आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर संचालित होने वाले नर्सिंग होमों व निजी अस्पतालों की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि कई अस्पतालों में मरीजों की संदिग्ध हालत में मौत हो चुकी है और अनेक बार निजी अस्पतालों पर सील लग चुकी है, लेकिन इसके मोटी राशि खाकर उन अस्पतालों को पुनः चलाने की अनुमति दी जाती है। ऐसे में अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी यदि 15 दिनों में अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, अवैध नर्सिंग होम के संचालक पर रोक नहीं लगाई तो बड़े पैमाने पर सीएमओ ऑफिस का अनिश्चितकालीन घेराव करेगी। इस दौरान संजीव वर्मा, मंगतराम, चेतन देव, राजन वर्मा, आशीष मिश्रा, शैलेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

सनातन संगम की मुहिम को लेकर डॉ. अतुल पहुंचे योगी के दरबार

लखनऊ, 17 अक्टूबर (नेट)। सुप्रसिद्ध शिक्षण ग्रुप सुभारती एवं जातिविहीन समाज के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण सनातन संगम की बड़ी मुहिम चला रहे हैं, जिसको लेकर उन्होंने उप्र के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। डॉ. अतुल कृष्ण के अनुसार देश का हर वह व्यक्ति जो प्रेम, करुणा, मैत्री, समानता, सदभाव, समन्वय व राष्ट्रीयता में पूर्ण विश्वास रखता है वह सनातनी है। डॉ. अतुल का मानना है कि सनातन विश्व की श्रेष्ठतम सभ्यता एवं संकृति है, जिसने संसार को नेतृत्व दिया है। सनातन शाश्वत है, जिसका न आदि और न अन्त है। यदि हम प्रथम दृष्टियता देखते है तो हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन सभी सनातनी हैं। सबको एक सूत्र के साथ पिरोने के लिए सनातन संगम न्यास की स्थापना कर सनातन संगम मुहिम चलायी जा रही है। सनातन ही हमें सिखाता है कि इस सभी के आनन्द को सुरक्षित रखे तथा दूसरों की स्वायत्तता तथा सम्मान के लिए जीए व रक्षा करे। इन्हीं विचारों के साथ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर 16 अक्टूबर को मुलाकात की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. अतुल कृष्ण के प्रयास को निरंतरता देने के साथ उत्साहवर्धन किया है।

गिर रहा पारा, दिवाली तक होगी खासी ठंड

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। शरद पूर्णिमा पर बादलों के साथ मौसम में ठंडक का अहसास बढ़ने के साथ आज तापमान कल केमुकाबले थोड़ा बढ़कर अधिकतम 32.8 और न्यूनतम 18.1 डिग्री पर पहुंच गया। इसके साथ ही शाम और रात में ठंड का अहसास बढ़ने के साथ उम्मीद है कि दिवाली से ठंड रफ्तार पकड़ लेगी। अक्टूबर का पहला पखवाड़ा बीतने के साथ मौसम में ठंड का अहसास बढ़ने लगा है। इसके चलते कल नगर में बादलों की आमद के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मानसून की विदाई के साथ ही अब मौसम सुहाना हो चला है। सुबह गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है। इसी बीच मौसम विभाग ने कहा है कि दीपावली के एक सप्ताह पहले ही पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। इसके चलते 23 से 26 अक्टूबर के बीच मौसम में बदलाव की उम्मीद की जा रही है। इसका असर असर हिमालयी क्षेत्र और उत्तरी मैदानी इलाकों दोनों पर दिखाई दे सकता है। इस पश्चिमी विक्षोभ के चलते कई संभावना है। 25 से लेकर 30 अक्टूबर के बीच मौसम अचानक करवट लेगा। दिल्ली-एनसीआर में 25 अक्टूबर से लेकर 5 नवंबर के बीच मौसम में बड़ा बदलाव होगा और सर्दी दस्तक देगी। पहाड़ों की ढलानों से आने वाली उत्तर-पश्चिमी हवाएं पारा कम कर सकती हैं। कुछ दिनों के बाद से सुबह के समय हल्की ठंडक के साथ हल्की हवा भी महसूस होगी। दिन के दौरान कोई उमस नहीं होगी और दोपहर हल्की गर्माहट के साथ सुहानी रहेगी।

उत्तर भारत के कई राज्यों में मध्यम बारिश तो कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान जम्मू- कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी हरियाणा और उत्तराखंड के इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। इस पश्चिमी विक्षोभ के चलते दीपावली के त्योहार से पहले इन इलाकों में सर्दी जैसी स्थिति की शुरूआत भी हो सकती है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि, पहाड़ी क्षेत्रों में बरसात होगी। लेकिन राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बारिश की कम

श्री सालासर बालाजीधाम के सेवादारों ने निकाली ध्वजा यात्रा

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। नगर के पचेंडा रोड स्थित मनोकामना पूर्ण पावन धाम श्री सालासर बालाजी धाम मंदिर के सेवादारों ने गुरूवार को बड़े ही धूमधाम के साथ शरद पूर्णिमा पर मनोकामना पूर्ण ध्वजा यात्रा निकाली। नगर के शामली रोड पर स्थित हनुमान मंदिर से प्रातः 7.30 बजे प्रारंभ हुई श्री सालासर बालाजी धाम यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पैदल चलकर निकाली गई। श्री सालासर बालाजी धाम के सेवादार कोषाध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि सेवादारों द्वारा विगत वर्षो से प्रत्येक माह की पूर्णिमा पर मनोकामना पूर्ण ध्वजा यात्रा का आयोजन होता रहा है जिसमें सेवादारों द्वारा जनकल्याण और सेवा भाव से श्री बालाजी महाराज से अपनी अपनी मनोकामना पूर्ति व विश्व शांति की मंगल कामना की जाती है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को शरद पूर्णिमा पर मनोकामना पूर्ण ध्वजा यात्रा श्री हनुमान चालीसा पाठ व जय श्री राम, जय श्री बालाजी के जयकारे लगाकर पैदल निकाली गई। नगर के हनुमान चौक से शुरू होकर यह ध्वजा यात्रा भगत सिंह रोड, शिवचौक, झांसी रानी, टाउन हॉल रोड, श्री बालाजी चौक, मालवीय चौक, गांधी कॉलोनी रेलवे पुल से पचेंडा रोड होते हुए बालाजी महाराज के गगनचुंबी जयकारों के बीच श्री सालासर बालाजी धाम पहुंची जहां सभी सेवादारों द्वारा अपनी-अपनी ध्वज पताका श्री बालाजी महाराज को अर्पित करने के बाद बालाजी महाराज को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में भक्ति की रसधारा बहती दिखी।

डीएस पब्लिक स्कूल ने किया भगवान वाल्मीकि को नमन

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन, स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा तथा स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित समेत शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने विद्यार्थियों को भगवान वाल्मीकि के विषय में विस्तार से बताते हुए बताया कि भगवान वाल्मीकि को आदि कवि कहते है। संस्कृत के प्रथम महाकाव्य एवं पवित्र ग्रंथ रामायण की रचना भगवान वाल्मीकि ने की थी। भगवान वाल्मीकि को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि ऐसी भी कथाएं हैं कि महाभारत काल में द्रोपदी के यज्ञ को संपूर्ण करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने शंख ध्वनि को भगवान वाल्मीकि को ही आमंत्रित किया था। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने भगवान वाल्मीकि को नमन करते हुए कहा कि क्रोंच पक्षी के जोड़े में से शिकारी द्वारा एक पक्षी का वध किए जाने से इनका हृदय इतना आहत हो गया कि उसमें स्वत ही संस्कृत का आदि श्लोक फूट पड़ा था। भगवान वाल्मीकि ने रामायण की रचना करके प्रभु श्री राम के यश का गुणगान तो किया ही साथ ही ईश्वर की बनाई हुई संपूर्ण सृष्टि से प्रेम करने का संदेश दिया। एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन ने भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनकी महत्ता का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं सभी के लिए है। संपूर्ण ईश्वरीय सृष्टि से प्रेम करने का उनका संदेश हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।

गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा ने लहराया परचम : जितेंद्र त्यागी

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी ने कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि बुढ़ाना में भी निर्भय सहरावत के जीतने से पार्टी में खुशी की लहर है। आज बुढ़ाना में त्यागी कोल्ड स्टोर पर भाजपा नेता जितेंद्र त्यागी के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने खुशी मनाई। इस अवसर पर जितेंद्र त्यागी ने कहा कि उपचुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी सभी विधानसभा सीट जीतेंगे और योगी जी के हाथों को और मजबूत बनायेंगे। उन्होंने कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत की, जिसका नतीजा सभी को जीत के रूप में मिला है।

शरद पूर्णिमा पर भजन संध्या संपन्न

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। श्री गणपति खाटू श्याम धाम में बीती रात शरद पूर्णिमा पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन में भीम कंसल, जेपी चाचा, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, विकास अग्रवाल, रजत राठी, प्रतीक कंसल, विपिन सिंगल आदि उपस्थित रहे। आयोजन में भजन गायिका मीनू शर्मा, रॉबिन सिंघल और मुस्कान पाल ने देर रात अपने भजनों से सबका मन मोह लिया।

ताले तोड़कर चोरी का प्रयास

मीरापुर, 17 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र के गांव मुकल्लमपुरा में बंद पड़े एक मकान में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। गांव मुकल्लमपुरा निवासी राजपाल पुत्र होराम की तबियत खराब चल रही है। चार दिन पूर्व परिजन घर का ताला लगाकर राजपाल को ऋषिकेश स्थित एम्स अस्पताल लेकर गए थे। आरोप है कि बीती रात चोर ताला तोड़कर उसके घर में घुस गए तथा यहां कमरे में रखी हुए सेफ अलमारी व संदूक के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। सवेरा होने पर भाई वेदप्रकाश ने ताले टूटे हुए देखे, तो पुलिस को मामले की सूचना दी। वेदप्रकाश ने बताया कि घर से क्या चोरी हुआ है। इसकी जानकारी परिजनों के लौट आने पर ही मिल पाएगी। बता दें कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। तीन दिन पूर्व भी चोरों ने बाइक शोरूम से नकदी समेत लाखों रुपए का सामान चोरी किया था।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का आसिफ मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने अपने लड़के आसिफ को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा लड़का आसिफ कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज से मेरा व मेरे परिवार का आसिफ से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं होगा।

मोहब्बत अली पुत्र ऐजाजुद्दीन
ग्राम- नरा, थाना- मंसूरपुर
जिला- मुजफ्फरनगर

रस्म पगड़ी

मान्यवर,

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय दिनेश गर्ग जी का स्वर्गवास दिनांक 8 अक्टूबर 2024, दिन मंगलवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी (तेरहवीं) आज 18 अक्टूबर, शुक्रवार को होनी निश्चित हुई है।

हवन 08.00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज 12.00 बजे अपरान्ह
रस्म पगड़ी 2.00 बजे दोपहर

स्थानः- 'आशीर्वाद बैंकेट हॉल' लक्ष्मण विहार, गानसद रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल

अर्पित राजवंशी-वैशाली राजवंशी (पुत्र-पुत्रवधु)
अगम राजवंशी-जयमीत राजवंशी (पुत्र-पुत्रवधु)
पूजा-अनूप (पुत्री-दामाद)
वत्सल (धेवता)
देवेन्द्र गर्ग (भाई)
कुसुमलता गर्ग (भाभी)
संगीता (बहन)
दीपक गर्ग-श्वेता गर्ग (भांजा-भनज बहू)
शरद गर्ग-निधि गर्ग (भतीजा-भतीज बहू)
अनुराग गर्ग-भारती गर्ग (भतीजा-भतीज बहू)
तुषार गर्ग-शिवांगी गर्ग (भतीजा-भतीज बहू)
आकाश गर्ग- शुभि गर्ग (भतीजा-भतीज बहू)
कियान, कृषिव, विवान, अनय (पौत्र)

प्रतिष्ठान

• मैग्मा इण्डस्ट्रीज लि०, बेगराजपुर, मुजफ्फरनगर
• रवि ऑर्गेनिक्स लि०, बेगराजपुर, मुजफ्फरनगर
9897730966, 9761199956, 9759007229

रस्म पगड़ी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य

श्री एम. के. गुप्ता जी (Retd.Chief Engineer, UPPCL)

का स्वर्गवास सोमवार, दिनांक 7 अक्टूबर 2024 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी शुक्रवार, आज दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज .....12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी..... 2:00 बजे दोपहर

स्थानः- महेश सेलीब्रेशन फार्म, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार

मंजु गुप्ता (धर्मपत्नी),
संध्या गुप्ता-शशांक गुप्ता (पुत्रवधु-पुत्र), शिवानी गुप्ता-प्रशान्त गुप्ता (पुत्रवधु-पुत्र)
राधिका कुमार- पुलकित कुमार(पौत्री-दामाद), गार्गी गुप्ता-अर्जुन गुप्ता (पौत्र वधु-पौत्र)
रीतिका गुप्ता (पौत्री), सोनाली गुप्ता (पौत्री), सिद्धान्त गुप्ता (पौत्र), श्रेय गुप्ता (पौत्र)
आरन्या (पड़पौत्री), नैना (पड़धेवती) एवं समस्त गुप्ता परिवार

टीम फेसिलिटी सर्विस, मुजफ्फरनगर
आधार विनीयर, चरथावल
Mob.: 9359737782, 9837025023

शेख हसीना के खिलाफ वारंट जारी, गिरफ्तारी के आदेश

ढाका, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने गुरुवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 45 अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया गया है, उनमें आवामी लीग के कई शीर्ष नेता शामिल हैं।

इन पर हाल ही में हुए छात्र आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ कथित तौर पर अपराध का आरोप है। जस्टिस मोहम्मद गोलम मुर्तजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने अभियोजन पक्ष की ओर से आरोपियों के खिलाफ दायर गिरफ्तारी की मांग वाली दो याचिकाओं को लेकर यह आदेश जारी किया। मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने यह जानकारी दी। न्यायाधिकरण ने अफसरों को शेख हसीना समेत सभी 46 लोगों को 18 नवंबर तक गिरफ्तार करने और पेश करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि बांग्लादेश में छात्र आंदोलन में जबरदस्त हिंसा हुई थी। शेख हसीना सरकार पर इस हिंसा के दौरान छात्र आंदोलन को दबाने की कोशिशों के आरोप लगे थे। इस आंदोलन में हिंसा के चलते सैकड़ों लोगों की जान भी गई थी। हालांकि, प्रदर्शनों के बढ़ने के बाद हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और वे भारत रवाना हो गई थीं। मौजूदा समय में शेख हसीना भारत में ही हैं।

निशुल्क एलपीजी सिलेंडर वितरण का शासनादेश जारी

लखनऊ, 17 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछले वर्ष की तरह इस दीपावली पर भी निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस कदम से प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश में साल में दो बार क्रमशः होली और दीपावली के अवसर पर निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। इसी के तहत दीपावली से पहले निशुल्क एलपीजी सिलेंडर वितरित करने का शासनादेश जारी कर दिया गया है। पिछले वर्ष जहां 1.85 करोड़ लाभार्थी परिवार और 85 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ दिया गया था। वहीं इस वर्ष लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ परिवार हो गयी है। इसके लिए सरकार 1,890 करोड़ रुपये खर्च कर रही है।

हाईकोर्ट ने कहा सहारनपुर सीएमओ अगली तारीख पर नहीं आए तो जारी करेंगे वारंट

प्रयागराज, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति के बकाये को लेकर आदेशों के बावजूद कोर्ट में पेश नहीं होने पर सहारनपुर के सीएमओ को कड़ी फटकार लगाई है। कहा है कि उनका आचरण अदालत की अवमानना के समान है। अगली तारीख 18 अक्तूबर को जवाबी हलफनामे संग अदालत में पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ वारंट जारी किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी की अदालत ने चार साल से सेवानिवृत्ति बकाये के भुगतान को लेकर सीएमओ कार्यालय का चक्कर काट रहीं सहारनपुर में तैनात रहीं डॉ.निर्मला माहेश्वरी की याचिका पर दिया है।

उपचुनाव : सपा ने कांग्रेस को दी दो सीटें

लखनऊ, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस में सीट शेयरिंग की डील पूरी हो गई है। आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस और सपा के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी 2 विधानसभा सीटों पर तो वहीं, सपा 8 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सपा ने अब तक करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर नगर), मिल्कीपुर, कटेहरी (अंबेडकरनगर), फूलपुर (प्रयागराज), मीरापुर (मुजफ्फरनगर) और मझवां (मिर्जापुर) सीट पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।

रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन हुई

नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर (वार्ता) रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय में इस आशय का आदेश बुधवार को जारी किया गया। आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक एक नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालाँकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी।

दिनांक एक नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद्द करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार एआरपी को 60 दिन करने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि अनुरक्षण कार्य के लिए प्लानिंग में आसानी होगी। 120 दिन के एआरपी में यात्री कम और दलाल ज्यादा बुकिंग करते हैं। इस दौरान अक्सर देखा गया है कि यात्री यात्रा नहीं करते हैं और टिकट रद्द करना भूल जाते हैं। इससे जरूरतमंद यात्रियों को सीटें उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। सूत्रों ने कहा कि पहले एआरपी 60 दिन का ही था। इसको 120 दिन करने का फैसला 31 मई 2020 को किया गया था।

मोदी की एनडीए के मुख्यमंत्रियों-उपमुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

चंडीगढ़ । पीएम मोदी की अध्यक्षता में एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। इस बैठक में वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। बता दें कि एनडीए हरियाणा विधानसभा चुनावों में अपनी जीत को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। वहीं इस बैठक को लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि, हमने सुशासन के पहलुओं और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्रियों की एनडीए बैठक के खत्म होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, पीएम ने जोर दिया कि शासन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए, पीएम ने कहा कि हमें 'प्रो-पीपुल्स, प्रो-गवर्नेंस' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और इसे आगे बढ़ाना चाहिए। आज एनडीए शासित राज्यों के 17 सीएम और 18 डिप्टी सीएम ने हिस्सा लिया। इस बैठक में 6 प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें पारित किया गया।

सड़क हादसे में चार की मौत

मथुरा, 17 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के कोसीकलां क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुये एक सड़क हादसे में दो दुधमुंही बच्चियों समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुये घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे ने बताया कि हरियाणा के पलवल जिले के होडल कस्बे की ओर जा रही पिकप गाड़ी कोसी शेरगढ़ मार्ग पर नगला सातबिसा के पास एक बिजली के खंभे से टकरा गई जिससे बिजली का तार टूट गया। इससे घबड़ाकर सभी अपने बच्चों को लेकर पिकप के नीचे कूद पड़े। इसी बीच पिकप चालक ने दुर्घटना बचाने के लिए गाड़ी को पीछे की ओर चला दिया जिससे आठ लोग मैक्स पिकप से घायल हो गए तथा कुछ समय बाद चार की मौत हो गई।

एमजी नमः कार शोरूम के शुभारम्भ पर प्रवीण जैन, राजेश जैन, संजय जैन को बधाईयों का लगा तांता

एमजी की हाल ही में लांच हुई ईवी-विंडसर कार ने ग्राहकों के दिलों को लुभाया

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। बृहस्पतिवार को जानसठ रोड स्थित एमजी नमः शोरूम का विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर प्रातः 9 बजे शुद्धि के साथ पूजन कर लोगों का आतिथ्य शोरूम मालिक प्रवीण जैन, राजेश जैन, संजय जैन द्वारा स्वीकार किया गया। नगर के हजारों गणमान्य लोगों ने उन्हें एमजी के प्रथम शोरूम के शुभारम्भ की शुभकामनाएं दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एमजी कार के विभिन्न प्रोडक्ट जैसे एस्टर, कोमैट के साथ-साथ एमजी की हाल ही में लांच हुई ईवी-विंडसर की एडवांस बुकिंग के लिए होड़ लगी दिखाई दी। हाथो हाथ दस से अधिक गाड़ियां बुक करा दी गयी। दरअसल गाड़ी का अन्दर व बाहर दोनों जगह का इंटीरियर वास्तव में देखने लायक है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इंडियन कल्चर से बिल्कुल अलग विंडसर की हैड लाइट, उसका बोनट तो ग्राहकों के दिल को लुभा ही रहा था, साथ ही साथ जब ग्राहक गाड़ी में अन्दर बैठे तो ऐसी फिलिंग आई जैसे किसी शाही सोफे पर बैठकर लांग ड्राइव पर निकल लिये हों। लगभग 15.6 इंच के टच स्क्रीन सिस्टम में शानदार कैमरा अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी देखकर ग्राहक मंत्रमुग्ध दिखाई दिये। अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी से सराबोर विंडसर को बुकिंग कराने की होड़ साफ-साफ दिखाई दी। दरअसल कम्पनी द्वारा उक्त इलेक्ट्रोनिक गाड़ी को मध्यम वर्ग व उच्च वर्ग के हिसाब से उतारा गया है। कम्पनी की स्कीम के मुताबिक इतनी लग्जरी गाड़ी वो भी 9 लाख 99 हजार रूपये में अपने घर ले जा सकते हैं। गाड़ी के अलग-अलग वैरीयेंट में 15.5 लाख रूपये तक की कीमत जाती है। कुल मिलाकर जानसठ रोड स्थित एमजी नमः के शोरूम पर आज दिन भर अतिथियों के साथ-साथ ग्राहकों की भी जोरदार भीड़ दिखाई दी। माना जा रहा है कि दीपावली से पूर्व विंडसर सहित एस्टर, कोमैट, हेक्टर की बिक्री में जोश दिखाई देगा, क्योंकि पहले एमजी की गाड़ियां खरीदने के लिए मेरठ, रूड़की जाना पड़ता था। मगर अब मुजफ्फरनगर में ही इसकी सुविधा उपलब्ध हो चुकी है। कार्यक्रम में आज मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक व भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकेश जैन, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सुखदर्शन सिंह बेदी, राजपाल सैनी, संजीव गोयल सिक्का राज्यमंत्री, राकेश बिन्दल, भीम सैन कंसल, डॉ. विनोद जैन, अनिल तायल, राजीव जैन, संजय जैन, डॉ. सुनील जैन, विनोद जैन, पंकज जैन, कृष्ण तायल, राजेश जैन, सागर वत्स, अविनाश जैन, गौरव स्वरूप, प्रियांशु जैन, चक्रेश जैन, अनुभव स्वरूप, अंकित संगल, मुकेश जैन एडवोकेट, अनिल राठी, राकेश जैन व शरद बंटी आदि उपस्थित रहे।

कीटनाशक दुकान पर मिला अवैध रसायन, पांच पेटी सील

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। योगी सरकार की पहल पर किसानों को लाभान्वित किए जाने की दिशा में अधिकारी हर संभव बेहतर उपाय करने में जुअे हैं। ऐसे में जनपद में लगातार मिल रही अवैध रसायन बिक्री होने की शिकायत पर गुरूवार को कृषि रक्षा विभाग की टीम ने कुटेसरा में कीटनाशक दुकान पर छापेमारी की। छापामार टीम ने इस बीच में कीटनाशक रसायन के दो नमूने लेते हुए पांच पेटी को सील कर दिया। वहीं उक्त दोनों जब्त किए गए नमूनों को जांच के लिए लैब में भेज दिया। इस दौरान अभियान की सूचना पर टीम को क्षेत्र में जहां तीन दुकान बंद और दो दुकानों पर अभिलेख अधूरे मिले। टीम ने छह दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए इन तमाम दुकानदारों से जवाब तल्ब किया है।

गुरूवार को कृषि रक्षा विभाग के अधिकारियों को शिकायत मिली थी कि मुजफ्फरनगर जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा में स्थित कई कीटनाशक दुकानों पर अवैध रसायन की बिक्री धडल्ले से हो रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने इस शिकायत पर प्रावेधिक सहायक ग्रुप ए एवं कीटनाशक निरीक्षक आनंदवीर सिंह और कीटनाशक प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने टीम के साथ त्यागी ट्रेडिंग कम्पनी कुटेसरा पर छापेमारी की। टीम को इस दौरान दुकान पर जहां एक ओर अवैध कीटनाशक रसायन रखा मिला। टीम ने उक्त रसायन के दो नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने के लिए भेज दिए। वहीं पांच पेटी को सील कर दिया गया। टीम ने इस दौरान अभिलेख अधूरे होने पर दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस दिया। इसके बाद विभाग की टीम ने कुटेसरा में स्थित पारस फर्टिलाइजर, एग्री जंक्शन और कृषि प्रगति केन्द्र कुटेसरा पर छापेमारी की। टीम को उक्त सभी दुकानों के अभिलेख अधूरे मिले। विभागीय टीम ने उनको भी कारण बताओ नोटिस दिए हैं। इसके अलावा तीन दुकानदार क्षेत्र में छापेमारी की सूचना मिलने पर अपनी दुकान बंद कर वहां से फरार हो गए। जिसमें से दो दुकानों पर बोर्ड भी नहीं लगा हुआ था। छापामार टीम ने इनको भी नोटिस जारी करते हुए जबाब मांगा गया है।

प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी विधवा ने पुलिस चौकी के सामने खुद को आग लगाई

संभल, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। संभल कोतवाली क्षेत्र के चौधरी सराय में पुलिस चौकी के बाहर बृहस्पतिवार की शाम चौधरी सराय निवासी 35 वर्षीय महिला ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। महिला का कहना है कि वह अपने प्रेमी से शादी करना चाहती है लेकिन पुलिस ने कोई मदद नहीं कर रही है। इससे आहत होकर जान देने का प्रयास किया है। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। महिला विधवा है और उसके तीन बच्चे हैं। मोहल्ले के ही युवक से उसका लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

'हमने लॉरेंस गैंग के लोगों की गिरफ्तारी की मांग की, कनाडा ने कुछ नहीं किया'

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। भारत ने एक बार फिर खालिस्तान समर्थन के मुद्दे पर कनाडा को खरी-खरी सुनाई है। दरअसल, हाल ही में कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड के मुद्दे पर भारतीय राजनयिकों पर आरोप लगाए थे और साथ ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर देश में हिंसा में शामिल होने का आरोप लगाया था। जहां राजनयिकों पर आरोप को लेकर भारत ने कनाडा के सभी आरोपों को निराधार करार दिया, वहीं अब लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मामले में भारत ने कनाडा को निशाने पर लिया।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर क्या बोला भारत? : विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, "हमने कनाडा से कई अनुरोध किए, जिनमें उनसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। हालांकि, कनाडा ने हमारी चिंताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके पीछे कुछ राजनीतिक कारण भी हैं।" दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय ने जस्टिन ट्रूडो के उस कबूलनामे पर भी वार किया है, जिसमें कनाडाई प्रधानमंत्री ने माना था कि भारत के साथ निज्जर मामले में सिर्फ खुफिया जानकारी साझा की गई, न कि कोई ठोस सबूत। रणधीर जयसवाल ने कहा, "हमने इस खास मुद्दे पर अपनी स्थिति साफ रखी है। आपने पिछले दो दिन में प्रेस रिलीज देखी होंगी, जिनमें हमने कहा है कि सितंबर 2023 के बाद से कनाडा ने हमने कोई जानकारी साझा नहीं की।" उन्होंने कहा, "कल (बुधवार) को सार्वजनिक जांच और सुनवाई के दौरान हमने फिर से एक बयान जारी किया, जिसमें हमने कहा कि कनाडा ने सिर्फ गंभीर आरोप लगाए हैं, लेकि इन आरोपों को लेकर कोई सबूत नहीं दिया है। जहां तक आरोपों का सवाल है तो प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कल खुद जो कबूल किया है, उससे उनके आरोपों की कीमत पता चलती है।" जयसवाल ने कहा कि हम अपने राजनयिकों पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं।

प्रियंका गांधी के खिलाफ भाकपा ने उतारा उम्मीदवार

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। वायनाड में 13 नवंबर को लोकसभा उपचुनाव के लिए वोटिंग होगी और 23 नवंबर को उपचुनाव के परिणाम आएंगे। इधर चुनाव आयोग की तरफ से चुनाव की तारीखों के एलान के बाद कांग्रेस पार्टी ने औपचारिक रूप से प्रियंका गांधी का नाम वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रत्याशी के तौर पर घोषित कर दिया है। इधर सीपीआई ने भी वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी के नाम का एलान किया है। सीपीआई राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने आगामी वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ पार्टी उम्मीदवार की जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पार्टी ने उपचुनाव में सत्यन मोकेरी को मैदान में उतारने का फैसला किया है। बता दें कि सीपीआई नेता सत्यन मोकेरी ने 2014 में वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सामने हार का सामना करना पड़ा था।

तीन किलो चरस के साथ तस्कर दबोचे

पुरकाजी, 17 अक्टूबर (बु.)। थाना प्रभारी जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने जहीरपुर कट के पास नशीले पदार्थों के दो तस्कर कपिल पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम परासौली थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर व वसीम पुत्र महफूज निवासी बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को तीन किलो चरस के साथ दबोच लिया। बरामद चरस की कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। तस्कर उत्तराखण्ड प्रदेश के चमौली जिले से चरस लाकर ग्रामीण क्षेत्रो में सप्लाई करते थे। अभियुक्तों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

'नागरिकता कानून की धारा 6ए में खामियां', जस्टिस पारदीवाला ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जताई असहमति

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिकता को बरकरार रखा है और पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने गुरुवार को 4-1 से इसके पक्ष में फैसला दिया। हालांकि पीठ में शामिल जस्टिस जेबी पारदीवाला ने फैसले से असहमति जताई। पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला के अलावा मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

नागरिकता कानून की धारा 6ए को लेकर अपनी असहमति जताते हुए जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि 'अधिनियम की धारा 6ए भले ही इसे लागू करते समय वैध रही थी, लेकिन समय के साथ इसमें अस्थायी रूप से खामियां आ गई हैं। यह धारा राजनीतिक समझौते को विधायी मान्यता देने के लिए अधिनियमित की गई थी।' गौरतलब है कि नागरिकता कानून की नागरिकता कानून की धारा 6अ को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से पहले असम आए, उन्हें भारतीय नागरिक माना गया है। वहीं 1 जनवरी 1966 से लेकर 25 मार्च 1971 के बीच असम आये अप्रवासियों को कुछ शर्तों के साथ भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिक नहीं हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि 'इस धारा चुनावों से पहले असम के लोगों को खुश करने के लिए लाया हो सकता है। कानून के तहत 1971 से पहले भारत आने वाले सभी लोगों को भारत की नागरिकता दे दी गई थी, लेकिन तथ्य यह है कि 1966 से 1972 तक एक सख्त शर्त (10 साल तक कोई मतदान अधिकार नहीं) के अधीन एक वैधानिक श्रेणी बनाई गई थी, जिसका अर्थ है कि नागरिकता प्रदान करना एकमात्र उद्देश्य नहीं था और वास्तव में यह असम के लोगों को शांत करने के लिए था क्योंकि इस तरह के समावेश से राज्य में हुए चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ा।' जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि 'यह अतार्किक रूप से हैरान करने वाला है कि 6अ के तहत नागरिकता का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को पकड़े जाने का इंतजार करना पड़ता है और फिर उसे साबित करने के लिए न्यायाधिकरण में जाना पड़ता है। मेरा मानना है कि यह इस तरह के कानून के उद्देश्य के खिलाफ है। इसमें कोई अस्थायी सीमा नहीं है, इसलिए कोई भी व्यक्ति इसके तहत विदेशी के रूप में पकड़ा जाना नहीं चाहेगा। धारा 6अ समय बीतने के साथ असंवैधानिक हो गई है। इससे राज्य पर अवैध अप्रवासियों का पता लगाने और उन्हें निर्वासित करने का सारा बोझ भी इसमें जुड़ जाता है।'

महाराष्ट्र में अखिलेश यादव ने मांगी अधिक सीटें

लखनऊ, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सपा की भागीदारी पर कहा कि हमारी कोशिश है कि वहां इंडिया गठबंधन साथ मिलकर लड़ें। पिछली बार हमारे दो विधायक थे। हमें उम्मीद है जहां हमारे दो विधायक थे, वो हमें सीटें भी ज्यादा देंगे और हम पूरी मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन के साथ खड़े होंगे। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। राज्य में एक चरण में चुनाव होगा। हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं दी थी जबकि महाराष्ट्र में सपा के दो विधायक थे तो ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि वहां सपा की भागीदारी होगी। महाराष्ट्र में मैं कल जा रहा हूं, हमारी कोशिश होगी कि INDIA गठबंधन के साथ लड़े। हमें उम्मीद है जहां हमारे दो विधायक थे, वो हमें सीटें भी ज्यादा देंगे और हम पूरी मजबूती के साथ क्ठउअ्रअ गठबंधन के साथ खड़े होंगे।" इसके पहले, अखिलेश यादव ने लालबाग स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि आज महर्षि वाल्मीकि जयंती के दिन उनसे प्रेरणा लेते हुए हम सब संकल्प लेते हैं कि समाज में भेदभाव खत्म हो, समय-समय पर ऊंच नीच पैदा होती है, उसको समाप्त किया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

मिल्कीपुर सीट के लिए एक सप्ताह के लिए टला फैसला

प्रयागराज। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर लंबित चुनाव याचिका को वापस लेने की अपील पर बृहस्पतिवार को फैसला नहीं हो सका। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के बाद सपा नेता अवधेश प्रसाद के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दाखिल की गई थी। इसके लंबित होने के कारण चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की थी। याचिकाकर्ता भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ ने याचिका वापस लेने की अपील की। इस पर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने एक हफ्ते में अधिकृत गजट प्रकाशित करने का आदेश दिया। इसके 15 दिन बाद मामले की सुनवाई होगी।

पशु मीट ले जा रहे आरोपियों का पुलिस पर हमला, तीन पुलिसकर्मी घायल

फिरोजाबाद, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। रामगढ़ और रसूलपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। प्रतिबंधित पशु का मीट ले जाने की सूचना पर ईको कार का पीछा किया। गाड़ी रुकवाने के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल भी हो गए थे। पुलिस ने कार से 70 किलो पशु का मीट बरामद किया गया है। साथ तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। थाना रामगढ़ क्षेत्र की मदीना कॉलोनी में पशुओं को काटकर उनके मांस को कार में लादकर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। सूचना पर पुलिस टीम उनकी घेराबंदी में जुट गई। सूचना वायरलेस पर चलने के बाद रामगढ़ और रसूलपुर थाने की पुलिस ईको कार के पीछा करती रही। लेकिन, कार सवारों ने कार नहीं रोकी। घेराबंदी करते हुए नैनी ग्लास चौराहे पर गाड़ी रुकवा ली। कार में सवार तीन आरोपियों ने लाठी-डंडे निकालकर पुलिस पर हमला कर दिया। मौके पर और फोर्स बुलाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिनका मेडिकल कराने के बाद उपचार कराया गया। आरोपियों के हौंसले इतने बुलंद थे कि पुलिस द्वारा रोके जाने पर भी वह लगातार गाड़ी भगाते रहे।

बहराइच में रामगोपाल को न तलवार मारी गई, न उखाड़े गए नाखून, पुलिस ने किया खंडन

बहराइच, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। बहराइच हिंसा में मारे गए रामगोपाल मिश्रा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें चल रही हैं। यूपी पुलिस ने इन अफवाहों का खंडन किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रामगोपाल की मौत गोली लगने से हुई है। गोली लगने से पहले या बाद में उसके करंट के झटके नहीं दिए गए। न ही उसे तलवार से काटा गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि उसके पैरों के नाखून भी नहीं नोचे या उखाड़े गए।

एक अपील जारी करते हुए पुलिस के द्वारा कहा गया है कि सोशल मीडिया में साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के उद्देश्य से भ्रामक सूचना जैसे मृतक को करंट लगाना, तलवार से मारना एवं नाखून उखाड़ना आदि बातें फैलाई जा रही हैं जिसमें कोई सच्चाई नहीं है। पोस्टमॉर्टम में मृत्यु का कारण गोली लगने से होना पाया गया है। इस घटना में एक व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य किसी की मृत्यु नहीं हुई है। अतः सभी से अनुरोध है कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाये रखने के लिए अफवाहों पर ध्यान न दें व भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करें।

जहरीली शराब से 24 मरे, सीएम नीतीश ने दिए कड़ी कार्रवाई के आदेश

पटना, 17 अक्टूबर (एजेंसी)। बिहार के सारण और सीवान में जहरीली शराब कांड पर डीजीपी आलोक राज ने कह कि जहरीली शराब पीने के कारण अब तक 24 मौत की पुष्टि हुई है। सीएम नीतीश कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। सीएम ने पटना में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसके मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वह घटनास्थल पर जाकर पूरी स्थिति की जानकारी लेकर सभी बिन्दुओं पर सघन जांच करें। मुख्यमंत्री ने एडीजी की पूरी टीम को घटनास्थल पर जाकर उसकी सघन जांच कर इस कांड में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि पूरे घटनाक्रम की अपने स्तर से लगातार मॉनिटरिंग करते रहें और इस घटना के लिये जो भी दोषी हों उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से अपील करते हुये कहा कि शराब पीना बुरी बात है, यह लोगों को समझना चाहिये। शराब पीने से न सिर्फ स्वास्थ्य खराब होता है बल्कि परिवार और समाज में अशांति का माहौल भी उत्पन्न होता है। राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू है। इसका सभी लोग पालन कर रहे हैं। कुछ असमाजिक तत्व समाज में अशांति पैदा करना चाहते हैं। उनसे लोग सतर्क रहें।

दिवाली पर बिल के साथ ही मिठाई बेचने के दिए निर्देश

जीएसटी अधिकारियों की मिठाई विक्रेताओं के साथ बैठक

मुजफ्फरनगर, 17 अक्टूबर (बु.)। दीपावली पर्व श्रंखला के चलते आज वाणिज्य कर विभाग कार्यालय पर जीएसटी को लेकर मिठाई व नमकीन विक्रेता व्यापारियों के साथ अधिकारियों ने बैठक कर मिठाई बेचते समय जीएसटी के नियमों का पालन करने और बिना जीएसटी मिठाई ना बेचने से बचने को कहा गया। बैठक में वाणिज्य कर विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर जेएस शुक्ला ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत टैक्स बढ़ाने और हर उपभोक्ता को बिल जारी करने के लिए व्यापारियों को कहा। इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं को भी सुना गया और मौके पर ही निदान किया गया। विभाग की ओर से ज्वाइंट कमिश्नर एसआई